## CRITERION VII – INSTITUTIONAL VALUES & BEST PRACTICES

### 7.1 Institutional Values and Social Responsibilities

**7.1.1 Gender Equity and celebration of days of National/International commemoration**

7.1.1: ***Measures initiated by the Institution for the promotion of gender equity and Institutional initiatives to celebrate / organize national and international commemorative days, events and festivals during the last five years***

Govt. College Kosli undertakes several measures and programmes to promote a culture of respect and equality for female gender and also to provide opportunities and programs for female gender to be financially, mentally and emotionally empowered. This helps to promote their growth as individuals in their own right.

Various programmes are organized every year to promote gender equality.

**=12**

| **Years** | 2018-19 | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 |
|---|---|---|---|---|---|
| **Numbers** | **1** | **3** | **2** | **4** | **2** |



# छात्राओ को अधिकारो के प्रति किया जागरूक

कोसली। राजकीय महाविद्यालय कोसली में महिला प्रकोष्ठ की ओर से एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता अनीता राठी एसोसिएट प्रोफेसर जीसीडब्ल्यू गुरुग्राम रहीं। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ विवेक कुमार ने कहा कि लिंग संवेदनशीलता एक बहुत ही विस्तृत विषय है। हमें यह समझना है कि हम लड़कियां किसी मामले से भी कम नहीं है और हम वह सभी काम कर सकती है जो एक लड़का कर सकता है तथा मेहनत के बल पर अपने परिवार व क्षेत्र का नाम रोशन कर सकती हैं। मुख्य वक्ता ने कहा कि महिलाओं की मेहनत पुरुषों से कम आंकी जाती है जो उनके अधिकारों के प्रति खिलवाड़ है। मौके पर महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ लाज कौशल, उप प्राचार्य सुरेंद्र कुमार, प्रोफेसर प्रीति, सविता, मनजीत सिंह, नागेश इत्यादि मौजूद रहे।

दिनांक = 8/2/22 (हरि-भूमि)

# शिक्षा हो समाज की बुराइयों को दूर कर सकती है: अनीता

संवाद न्यूज एजेंसी

कोसली। राजकीय महाविद्यालय कोसली में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता जीसीडब्ल्यू गुरुग्राम की एसोसिएट प्रोफेसर अनीता राठी रहीं। राजकीय महाविद्यालय कोसली प्राचार्य डॉ. विवेक कुमार ने विस्तार व्याख्यान के विषय का वर्णन करते हुए बताया कि हमें यह समझना है कि लड़कियां किसी मामले में भी कम नहीं हैं और वह सभी काम कर सकती हैं जो एक लड़का कर सकता है। मेहनत के बल पर परिवार का और अपने क्षेत्र का नाम रोशन कर सकती हैं।

मुख्य वक्ता ने कहा कि एक लड़की को जन्म से ही असमानता की दृष्टि से देखा जाता है। अगर हम बड़े स्तर की बात करें तो कई देशों में महिलाओं का वेतन और मेहनत पुरुषों की अपेक्षा कम आंकी जाती है जो कि महिलाओं के अधिकारों के प्रति खिलवाड़ है। शिक्षा ही समाज को बुराइयों से दूर कर सकती है और हमें अधिकारों का बोध करा सकती है। महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. लाज कौशल ने कहा कि हमारे हर वर्ष के परीक्षा परिणाम बताते हैं कि छात्राएं छात्रों से बहुत आगे हैं। लगभग हर बार लड़कियों का परीक्षा परिणाम लड़कों से बेहतर होना यह दर्शाता है कि हम मेहनत के बल पर बहुत अधिक ऊंचाइयां प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर उप प्राचार्य सुरेंद्र कुमार, प्रोफेसर प्रीति, सविता, मनजीत सिंह, नागेश कुमार आदि मौजूद रहे।

दिनांक - 8-2-22 (अमर-उजाला)

19.11.2022

विषय — राजकीय महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में पॉट डेकोरेशन एण्ड टाई डाई विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया गया।

दिनांक – 19/11/2022 अमर उजाला

## छात्राओं ने कार्यशाला में लिया हिस्सा



कोसली। राजकीय महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में पॉट डेकोरेशन एवं टाई और डाई विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। प्रथम दिवस कार्यशाला का शुभारंभ उप-प्राचार्य विवेक कुमार ने किया। उन्होंने बताया कि कौशल स्तर पर इस तरह के आयोजनों से छात्राओं में कौशल विकास होता है और साथ ही व्यावसायिक रोजगार की संभावनाएं भी बढ़ती हैं। दूसरे दिवस कार्यशाला का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार यादव ने किया। उन्होंने छात्राओं को कार्यशाला में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए शुभकामनाएं दी और उन्हें श्रेष्ठ मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान महिला प्रकोष्ठ अधिकारी डॉ. मंजू यादव, डॉ. राजन कौशल, प्रोफेसर सुरेंद्र कुमार, प्रोफेसर प्रीति, प्रोफेसर रेनू रानी, प्रोफेसर संदीप यादव, प्रोफेसर मनजीत, प्रोफेसर ओमप्रकाश, प्रोफेसर जसवंत व सुमित आदि उपस्थित रहे। संवाद

## कुश्ती में आरती ने जीता स्वर्ण पदक



रेवाड़ी। कोसली स्थित राजकीय महाविद्यालय में सोमवार को छात्रा आरती शर्मा ने कुश्ती प्रतियोगिता में मेडल प्राप्त करने पर पुरस्कृत किया। प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार यादव ने बताया कि छात्रा ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। छात्रा आरती स्नातक द्वितीय वर्ष ने ग्रैपलिंग कुश्ती 24 से 27 तक गोंडा उत्तर प्रदेश में संपन्न हुई थी, उसमें -71 किलोभार वर्ग में नेशनल जूनियर स्तर पर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। यहां तीन कुश्तियां हुईं, अंतिम कुश्ती दिव्या मेहता राजस्थान के साथ हुई। इसमें आरती ने उसे 2 मिनट में टैप करवा कर कुश्ती को अपने नाम कर लिया। वहां पर कुश्ती संघ के मुखिया बृजभूषण और हरियाणा के महासचिव बिन्नू शर्मा के नेतृत्व में कुश्ती संपन्न हुई। इस अवसर पर सुरेंद्र कुमार, डॉ. राजन कौशल, विनोद कुमार, डॉ. संदीप व जसवंत जाखड़ आदि मौजूद रहे। संवाद

दिनांक – 6/12/22 = अमर- उजाला

13.10.2022

विषय – कोसली स्थित राजकीय महाविद्यालय में छात्राओं को नारी सशक्तिकरण विषय पर भाषण, स्लोगन, लेखन, पोस्टर मेकिंग और मेंहदी प्रतियोगिता कराई गई।

कोसली के राजकीय कॉलेज में नारी सशक्तिकरण विषय पर हुई प्रतियोगिताएं

# पोस्टर मेकिंग में बबीता और स्लोगन में छात्रा अंशिका अव्वल

[illegible]



[illegible]

दिनांक – 13-10-2022 दैनिक भास्कर

# एक शिक्षित नारी अपने पूरे परिवार और समाज को बनाती है सशक्त



[illegible]

दिनांक – 14-10-2022
दैनिक जागरण

1/11/22

विषय → राजकीय महाविद्यालय कोसली में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया



छात्राओं को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाते प्राचार्य डॉ. सुधीर यादव। संवाद

## सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती मनाई

**कोसली।** राजकीय महाविद्यालय कोसली में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में प्राचार्य डॉक्टर सुधीर यादव ने कहा कि आज का दिन राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में इसलिए मनाया जाता है, क्योंकि सरदार पटेल की राजनीतिक एकीकरण में प्रमुख भूमिका थी। इसके बाद प्राचार्य व स्टाफ सदस्यों ने विद्यार्थियों को भारत देश की एकता व अखंडता की सुरक्षा के लिए शपथ दिलवाई। इस अवसर पर सुरेंद्र कुमार, डॉक्टर लाज कौशल, संजीव कुमार, जसमेर अहलावत, रेनू यादव, रेनू रानी, नीलम यादव, मोनिया, विकास शर्मा आदि मौजूद रहे। संवाद

दिनांक - 1-11-2022 अमर - उजाला

**एकता व अखंडता की सुरक्षा के लिए दिलाई शपथ :** राजकीय महाविद्यालय कोसली में सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य डा. सुधीर यादव ने कहा कि आज का दिन राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में इसलिए मनाया जाता है क्योंकि सरदार वल्लभ भाई पटेल की राजनीतिक एकीकरण में प्रमुख भूमिका थी। उसके बाद प्राचार्य व स्टाफ सदस्यों ने विद्यार्थियों को भारत देश की एकता व अखंडता की सुरक्षा के लिए शपथ दिलवाई। इस अवसर पर सुरेंद्र कुमार, डाक्टरलाज कौशल, संजीव कुमार, जसमेर अहलावत, रेनू यादव, रेनू रानी, नीलम यादव, मोनिया, विकास शर्मा मौजूद थे।

दिनांक - 1-11-2022 दैनिक-जागरण

# आत्मविश्वास से हर कार्य होता है सफल

संवाद सहयोगी, कोसली: राजकीय महाविद्यालय कोसली में प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर की ओर से 23 से 25 नवंबर तक आयोजित होने वाले युवा महोत्सव में हिस्सा लेंगे।

आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत प्रतिभा खोज कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए महाविद्यालय प्राचार्य डा. सुधीर कुमार यादव ने कहा कि इस क्षेत्र में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। जरूरत है तो प्रतिभा को निखारने की। आत्मविश्वास के साथ जो किसी भी विधा में भाग लेगा वह अवश्य सफल होता है। हार व जीत मायने नहीं रखती। महत्वपूर्ण बात यह है कि कितनी जोश के साथ भाग लिया जा रहा है। कार्यक्रम में विनोद कुमार, डा. मंजू यादव, डा. वंदना, नीलम यादव, रेनू यादव ने



राजकीय महाविद्यालय कोसली में आयोजित प्रतिभा खोज प्रतियोगिता के दौरान हरियाणवी नृत्य प्रस्तुत करती छात्रा • सौ. महाविद्यालय।

निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। सांस्कृतिक कार्यक्रम अधिकारी डा. संध्या ने बताया की नृत्य में प्रियंका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, भारती ने दूसरा और नेहा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। गीत में पिंकी ने पहला स्थान प्राप्त किया, नीशू ने दूसरा और प्रीति ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग में बबीता ने पहला और अदिति ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। मेहंदी रचाओ में ज्योति ने पहला, सोनिया ने दूसरा और भतेरी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। पेंटिंग में ज्योति प्रथम रही। पंजाबी गीत में निशु प्रथम रही। रागनी में पिंकी प्रथम रही। भाषण में मनीषा प्रथम रही। श्लोकोच्चारण में ऊषा ने पहला स्थान प्राप्त किया। रंगोली में शशिकांत विजेता रही। डा. लाज कौशल के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में सुरेंद्र कुमार, संजीव कुमार, विनोद कुमार, प्रीति, सविता,रेनू रानी, जसवंत जाखड़, जसमेर अहलावत, विकास शर्मा आदि उपस्थित थे।

दिनांक - 12-11-2022 दैनिक - जागरण

12/3/21

विषय – राजकीय महाविद्यालय कोसली में महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में नारी शक्ति विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# विभिन्न क्षेत्रों में नाम कमा रही हैं बेटियां

जागरण संवाददाता, रेवाड़ी: राजकीय महाविद्यालय कोसली में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में 'नारी शक्ति' विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य डा. सुधीर कुमार यादव ने कहा कि अगर हम नारी शक्ति विषय पर विचार करें तो हम पाते हैं कि बेटियां हर क्षेत्र में नाम कमा रही हैं। विभिन्न परीक्षाओं की मेधा सूची में लड़कियां तेजी से आगे बढ़ रही हैं। महिलाओं ने अपनी मेहनत व मेधा शक्ति के बल पर हर क्षेत्र में प्रवीणता अर्जित कर ली है। उनकी इस प्रतिभा का सम्मान करना चाहिए। एसोसिएट प्रो. विवेक कुमार ने बताया कि महिलाओं का योगदान शिक्षा क्षेत्र के अलावा राजनीतिक क्षेत्र व सामाजिक क्षेत्र में भी सराहनीय एवं अतुलनीय है। इस दौरान कविता पाठ व भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। डा. ज्ञान कौशल ने कहा कि महिला इस दौरान घर के कामकाज के साथ-साथ पढ़ाई लिखाई व घर की अनेक जिम्मेदारी भी संभालती हैं। महिलाएं सदैव पुरुषों से अधिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करती हैं। कविता पाठ प्रतियोगिता में मनीषा ने प्रथम, सचिका ने द्वितीय और निशु तीसरे स्थान पर रहीं। डा. मनीषा, सुनील कुमार, व रेणू रानी ने निर्णायक की भूमिका निभाई। प्राचार्य तथा उपप्राचार्य ने सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया। सहायक प्रो. हकीकत, नागेश कुमार, ओम्प्रकाश यादव, संजीव यादव, डा. मंजू यादव, सविता, डा. मनीषा, प्रो. सुरेंद्र कुमार, प्रो. सुनील कुमार आदि ने भी अपने विचार रखे।



राजकीय महाविद्यालय कोसली में प्रतियोगिता की प्रतिभागी छात्रा को सम्मानित करते प्राचार्य डा. सुधीर यादव • सौजन्य कालेज

दैनिक – जागरण

दिनांक – 12-3-2021

6 2 2021

विषय→ राजकीय महाविद्यालय कोसली में महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

अमर उजाला – दिनांक – 6/2/2021

# महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ाने और सशक्त बनाने की जागरूकता हो रही मुखर : विधायक

## कोसली महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में विजेता रहीं छात्राओं को किया गया सम्मानित

संवाद न्यूज एजेंसी

**कोसली।** राजकीय महाविद्यालय कोसली में महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार यादव ने मुख्य अतिथि कोसली विधायक लक्ष्मण सिंह यादव का स्वागत करते हुए कहा कि नारी के बिना समाज में नवचेतना लाना संभव नहीं है। लक्ष्मीबाई जैसी महान विदुषियों ने समाज एवं संस्कृति को सुरक्षित रखने में अपनी अहम भूमिका निभाई है। विधायक ने कहा कि महिलाओं में आत्मविश्वास पैदा कर उन्हें सशक्त बनाने को लेकर जागरूकता की प्रतिध्वनि अब हर जगह मुखर हो रही है। यही प्रतिध्वनि साहित्य जगत की महान साहित्यकार मीराबाई की लेखनी में भी गूंजी थी। उन्होंने कहा कि महादेवी वर्मा ने भी महिलाओं की समस्याओं को ही इंगित नहीं किया बल्कि उन्होंने नारी जगत को भारतीय संदर्भ में मुक्ति का संदेश दिया।



छात्राओं को संबोधित करते विधायक लक्ष्मण सिंह यादव। संवाद

### इन छात्राओं को मिले पुरस्कार

कविता पाठ में मनीषा बीकॉम प्रथम ईयर को प्रथम स्थान, पूनम को दूसरा और आरती ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं भाषण में महक प्रथम, दिव्या द्वितीय और पूनम तृतीय रहीं। निबंध लेखन में पूनम द्वितीय, पूनम तृतीय वर्ष द्वितीय और बीएससी तीसरे वर्ष की छात्रा कोमल तीसरे स्थान पर रही। स्लोगन लेखन में कंचन प्रथम, दीपू द्वितीय व नीतेश तीसरे स्थान पर रहीं। पोस्टर मेकिंग में बीएससी सेकेंड ईयर मेडिकल प्रथम, रितेश शर्मा ने दूसरा व ज्योति बीकॉम की छात्रा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। निबंध लेखन में आशा ने पहला, प्रिया ने दूसरा व तनु ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। उप प्राचार्य प्रोफेसर विवेक कुमार ने मुख्य अतिथि का धन्यवाद करते हुए कहा कि नारी में वह शक्ति है कि वह अपने बल पर किसी भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकती हैं।

विषय → स्थानीय राजकीय महाविद्यालय कोसली में महिला प्रकोष्ठ की
ओर से छात्रों को अधिकारों के प्रति व्याख्यान का आयोजन किया।

दैनिक जागरण -

IV **दैनिक जागरण** नई दिल्ली, 1 फरवरी, 2021

**विविध गतिविधियां**

## छात्रों को अधिकारों के प्रति किया जागरूक

संस, कोसली : स्थानीय राजकीय महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ की ओर से एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमें ग्रामीण एजुकेशन सोसायटी के उप प्रधान तेजपाल यादव ने मुख्य वक्ता के तौर पर हिस्सा लिया। उन्होंने महिला सशक्तीकरण पर जोर देते हुए छात्राओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि महिलाएं शिक्षित होकर अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रह सकती हैं। प्राचार्य डा. सुधीर यादव ने कहा कि नारी सशक्तीकरण में वह ताकत है कि वह समाज और देश में सकारात्मक बदलाव ला सकती है। महिलाएं अच्छी पारिवारिक योजना से परिवार और समाज की आर्थिक स्थिति का प्रबंधन करने में पूरी तरह सक्षम हैं। डा. राज कौशल ने कहा कि महिलाएं अपनी नई सोच के साथ हमेशा अपने अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति सचेत रहें। इस मौके पर प्रो. हकीकत कादयान, राव गिरिराज यादव, प्रो. सुनील यादव, प्रो. प्रीति, जसवंत आदि स्टाफ मौजूद रहा।




**7.1.2: Environmental Consciousness and Sustainability and Divyangjan friendly initiatives**

***The Institution has facilities and initiatives for***

1. ***Alternate sources of energy and energy conservationmeasures***
2. ***Management of the various types of degradable and non-degradable waste***
3. ***Water conservation***
4. ***Green campus initiatives***
5. ***Disabled-friendly, barrier free environment***

**Options:**

A. 4 or All of the above
B. 3 of the above
C. 2 of the above
D. 1 of the above
E. None of the above

**Opt: B**









***7.1.3 Quality audits on environment and energy regularly undertaken by the Institution.***
***The institutional environment and energy initiatives are confirmed through the following***

1. ***Green audit / Environment audit***
2. ***Energy audit***
3. ***Clean and green campus initiatives***
4. ***Beyond the campus environmental promotion and sustainability activities***

**Options:**
A. All of the above
B. Any 3 of the above
C. Any 2 of the above
D. Any 1 of the above
E. None of the above

**Opt: C**


***Inclusion, Situatedness*****, Human values & professional ethics**

***7.1.4: Describe the Institutional efforts/initiatives in providing an inclusive environment i.e., tolerance and harmony towards cultural, regional, linguistic, communal socioeconomic diversityand Sensitization of***

***students and employees to the constitutionalobligations: values, rights, duties and responsibilities of citizens***

**= 38**

| Years | 2018-19 | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 |
|---|---|---|---|---|---|
| Numbers | 1 | 14 | 6 | 6 | 11 |



नशा व धूम्रपान सहित अन्य बुराईयों से कराया अवगत

राजकीय कॉलेज कोसली में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को जानकारी देते प्रोफेसर।

भास्कर न्यूज | कोसली

राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. सुधीर यादव की अध्यक्षता में अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रेडक्रॉस विंग के तत्वावधान में हुए इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को एचआईवी एड्स, नशा व धूम्रपान जैसी बीमारियों के बारे में विस्तार से अवगत कराया। प्रो. नागेश ने एचआईवी वायरस क्या है, यह कैसे प्रभावित करता है व अन्य विषय पर प्रकाश डालते हुए उसके बचाव पक्ष के बारे में समझाया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. मनीषा सैनी ने नशा एक भयंकर बुराई विषय पर अपने विचार भी व्यक्त किए। प्रो. योगेश यादव ने वैज्ञानिक दृष्टिकोण रखते हुए विषय की गंभीरता पर प्रकाश डाला। मंच संचालन डॉ. [illegible] कौशल ने किया। प्रो. विवेक कुमार, प्रो. हकीकत, प्रो. त्रिदेव, प्रो. मंजू यादव व जसवंत [illegible] सहित अन्य मौजूद रहे।

विषय → नशा व धूम्रपान सहित अन्य बुराईयों से कराया अवगत (दिनांक - 15/08/19 दैनिक भास्कर).

विषय - कोसली राजकीय महाविद्यालय में रैडक्रॉस इकाई की ओर से एचआईवी एड्स को लेकर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया।

## एड्स पर व्याख्यान का शिवर का आयोजन किया गया

# भारत एड्स के मामलों में तीसरे स्थान पर

- कोसली के राजकीय महाविद्यालय में रेडक्रॉस ने करवाया कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली

कोसली के राजकीय महाविद्यालय में बृहस्पतिवार को रेडक्रॉस इकाई की ओर से एचआईवी एवं एड्स पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कोसली नागरिक अस्पताल के डा. जयपाल व आईसीटीसी मनोज कुमार ने बताया कि अपना देश भारत एड्स के मामले में विश्व में तीसरे स्थान पर है। जिसकी ओर भारत सरकार बहुत गहनता से ध्यान दे रही है। उसी कड़ी में लोगों को इस गंभीर रोग के प्रति जागरूक करने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन करवाया जाता है। उन्होंने बताया कि एड्स रोग संक्रमित सुई, संक्रमित रक्त व मां से शिशु को व असुरक्षित संबंधों से फैलता है। डा. मनीषा सैनी ने विद्यार्थियों को एचआईवी वायरस एवं एड्स के लक्षणों, इसके संक्रमण के माध्यमों एवं इसकी रोकथाम के उपायों से अवगत करवाया।

उन्होंने बताया कि मुंह में घाव हो जाना तथा लंबे समय तक न भरना, भूख न लगना व सोते समय पसीने आना जैसे लक्षण एड्स के हो सकते है। इस संबंध में स्वयं जागरूक रहने के साथ-साथ दूसरों को भी जागरूक करने की आवश्यकता है।

प्राचार्य डा. सुधीर यादव, विजय कुमार व डा. लाज कौशल ने विद्यार्थियों को सचेत रहते हुए जागरूकता अभियान चलाने का आह्वान किया। इस मौके पर प्रो. संगीता, डा. वंदना, संजीव, रेनू यादव, नीलम यादव व मंजू यादव सहित स्टाफ के लोग मौजूद थे।



रेवाड़ी। कोसली के राजकीय महाविद्यालय में विद्यार्थियों को एड्स रोग के प्रति जागरूक करती चिकित्सक। फोटो: हरिभूमि

दिनांक - 11-09-19
हरिभूमि

29.09.2019

विषय → खून की कमी पूरा करने को खाएं हरी सब्जी : डॉ. अल्का। कोसली के राजकीय महाविद्यालय में शनिवार को पोषण एवं स्वास्थ्य विभाग तथा एनएसएस इकाई के तत्वाधान में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। दिनांक – 29-09-2019 (अमर उजाला)

# खून की कमी पूरा करने को खाएं हरी सब्जी : डॉ. अल्का

माई सिटी रिपोर्टर

कोसली। कोसली के राजकीय महाविद्यालय में शनिवार को पोषण एवं स्वास्थ्य विभाग तथा एनएसएस इकाई के तत्वाधान में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ. अल्का बठला ने छात्राओं के स्वास्थ्य की जांच की। जांच के बाद उन्होंने अपने संबोधन में बताया कि अधिकतर छात्राओं में खून की कमी है जो अनेक बीमारियों का कारण बनता है।

उन्होंने छात्राओं से संतुलित आहार के अंतर्गत हरी सब्जियों खीरा, ककड़ी, टमाटर, फलों में सेब, संतरा, अमरूद, अनाज में गेहूं, चावल, मक्का व दालों के प्रयोग की सलाह दी। उन्होंने छात्राओं को उनसे संबंधित समस्याओं से अवगत कराया तथा स्वच्छता पर जोर दिया।

शिविर में स्वयं सेवकों ने कार्यक्रम अधिकारी प्रो. संजीव व प्रो. वंदना के निर्देशन में महाविद्यालय प्रांगण में स्वच्छता अभियान चलाकर सफाई की। प्राचार्य डा. सुधीर यादव ने विद्यार्थियों को एकल प्रयोग प्लास्टिक का प्रयोग न करने का संकल्प कराया। कार्यक्रम का संचालन डा. लाज कौशल ने किया। इस अवसर पर पो. प्रीति, सविता मौजूद रहे।



छात्राओं को पोषण एवं स्वास्थ्य की जानकारी देतीं डॉ. अल्का बठला।

दिनांक – 29-09-2019
अमर उजाला

# एचआइवी व अवसाद विषय पर दी जानकारी

संवाद सहयोगी, कोसली: स्थानीय राजकीय महाविद्यालय में एचआइवी एड्स तथा डिप्रेशन विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नागरिक अस्पताल कोसली के चिकित्सा अधिकारी डा. पंकज ने बतौर मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे। वहीं डा. मोनिका यादव विशेष रूप से मौजूद रहीं। डा. पंकज ने कहा कि गुस्सा होना, घबराहट महसूस होना, अवसाद के मुख्य कारण हैं। किसी काम में मन नहीं लगना, ध्यान केंद्रित न होना, कमजोरी महसूस होना, नींद न आना या अधिक नींद आना, ऊर्जावान महसूस न करना आदि सभी अवसाद के ही लक्षण हैं।



राजकीय कालेज कोसली में छात्राओं को संबोधित करते डा. पंकज • जागरण

इसके कारण पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि किसी का शोषण होना, अधिक दवा का सेवन करना, किसी से झगड़ा होना, किसी प्रियजन की मौत हो जाना, जेनेटिक कारण से भी अवसाद हमें घेर लेता है। इलाज के रूप में हमें मनोवैज्ञानिक के पास जाना चाहिए। उससे थेरेपी लें तथा नियमित रूप से योग करें।

डा. मोनिका यादव ने एचआइवी रोग पर कहा कि यह एक खतरनाक वायरस है जो हमारे शरीर को खुद की रक्षा करने से रोकता है। हम एचआइवी से पीड़ित व्यक्ति के साथ खेल सकते हैं, खाना साझा कर सकते हैं, उसका हाथ पकड़ सकते हैं। इससे एचआइवी नहीं फैलता है। मंच संचालन महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डा. लाज कौशल ने किया। उपप्राचार्य डा. विवेक कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रो. सुरेंद्र कुमार, नागेश कुमार, योगेश यादव, संजीव यादव, त्रिदेव, डा. मंजू यादव, प्रीति, सुनील कुमार आदि मौजूद थे।

दैनिक जागरण

दिनांक — 15-2-2021

बसंत मेला | नई तकनीक और सेवाओं से रूबरू हुए लोग, मुख्य अतिथि बोले

# सौहार्द और भाईचारे के प्रतीक हैं मेले

रेवाड़ी | कोसली स्थित राजकीय कॉलेज परिसर में उपमंडल स्तर पर बुधवार को लगे एक दिवसीय बसंत मेले का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ कोसली के विधायक बिक्रम सिंह यादव ने किया। उन्होंने कहा कि प्राचीन काल से ही मेले सामाजिक सौहार्द और भाईचारे के प्रतीक रहे हैं। संचार क्रांति से जुड़े इस मेले में लोगों को नई तकनीकों को जानने का मौका मिल रहा है। इस दौरान एसडीएम रानी नागर विशेष रूप से मौजूद रही।

विधायक बिक्रम ने कहा कि मेले में एक ही जगह सभी सरकारी सेवाओं का लाभ देना भी मेले का उद्देश्य है। बसंत मेले में कैशलेस तकनीक ने मेले को और बेहतर रूप दे दिया है। अब मेले में पैसे रखने का झंझट भी खत्म हो गया है। लोग किसी भी जगह किसी तरह का कोई सामान खरीदने या फिर खान-पान के बाद मोबाइल से भी पेमेंट कर सकते हैं। मुख्य अतिथि, एसडीएम रानी नागर व उपमंडल विधिक सेवाएं प्राधिकरण के चेयरमैन एवं अतिरिक्त सिविल जज (सीनियर डिवीजन) संदीप चौहान ने भी मेले में लगी स्टालों का निरीक्षण किया। मेले के दौरान जिला राजस्व अधिकारी पीडी शर्मा, मेला के ओवरआल इंचार्ज नायब तहसीलदार विजय कुमार, नायब तहसीलदार नाहड़ बोध्धराज सिंह, एसईपीओ श्रीभगवान सिंह, बीईईओ जवान सिंह, सीडीपीओ पुष्पा यादव, लीगल एड प्रभारी मनोरमा रानी, शिवराज सिंह एडवोकेट, अमरबाला शर्मा, पीएलवी ओमप्रकाश, सहायक रोजगार अधिकारी ममता रानी, जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता फूल सिंह तंवर, एसडीओ अशोक कुमार, पीडब्ल्यूडी एसडीओ देवेंद्र शर्मा सहित तमाम लोग मौजूद थे।



**इन विभागों ने लगाई मेले में स्टॉल :** बसंत मेले में राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, अटल सेवा केंद्र पर आधार व राजस्व सेवाएं, सारथी स्टॉल पर वाहन व ड्राइविंग लाइसेंस सेवाएं, इंतकाल, राजस्व संबंधी कार्य, बैंक, बिजली, कौशल विकास, स्वच्छ भारत मिशन, रेडक्रॉस की ओर से रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य विभाग, चुनाव, जनस्वास्थ्य, बागवानी, महिला एवं बाल विकास, कृषि, मत्स्य, उपमंडल विधिक सेवाएं प्राधिकरण विभागों की स्टॉल लगाई गई। वहीं स्वयं सहायता समूह, गीता प्रेस गोरखपुर ने भी अपनी स्टॉल लगाई।

## 54 ने दिया रक्त

विधायक बिक्रम सिंह ने रक्तदान कैंप का शुभारंभ करने के बाद युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए खुद भी रक्तदान किया। विधायक ने कहा कि रक्त की एक-एक बूंद कीमती होती हैं और संकट के समय यह किसी जरूरतमंद व्यक्ति का जीवन बचा सकती है। इस दौरान अतिथियों ने रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र भी वितरित किए।

दैनिक भास्कर

## कोसली राजकीय महाविद्यालय में दो दिवसीय वंसतोत्सव कार्यक्रम

# नृत्य में प्रीति और लघु नाटिका में कुणाल ग्रुप अव्वल

भास्कर न्यूज | कोसली

कोसली स्थित राजकीय महाविद्यालय में दो दिवसीय वंसतोत्सव कार्यक्रम का समापन किया गया। वंसतोत्सव का शीर्षक उड़ान रखा गया था। समापन पर उपमंडल अधिकारी उत्तम सिंह मुख्यातिथि मौजूद रहे। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को आगामी लोकसभा चुनाव के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि जिन विद्यार्थियों की आयु 1 जनवरी 2019 को 18 वर्ष हो गई है। वे अपना मतदाता पहचान पत्र ऑनलाइन या ऑफलाइन बनवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि अपना पहचान पत्र कॉलेज में भी बनवा सकते हैं। प्राचार्य डॉ. सुधीर यादव ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को हरियाणवी संस्कृति से जोड़ना है। नृत्य प्रतियोगिता में प्रीति ने प्रथम, पायल व निशा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। लघु नाटिका में कुणाल व ग्रुप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मंच संचालन प्रो. त्रिदेव ने किया।



राजकीय कॉलेज कोसली में दो दिवसीय वसंतोत्सव कार्यक्रम के समापन पर छात्रा को सम्मानित करते प्राचार्य व स्टॉफ।

कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. मनीषा सैनी ने आए सभी अतिथियों व विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। प्रो. विवेक कुमार, प्रो. विजय सिंह, प्रो. सुरेन्द्र सिंह, प्रो. रणजीत, प्रो. ओमप्रकाश, प्रो. नागेश, प्रो. संजीव व प्रो. मनजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

विषय – कोसली राजकीय महाविद्यालय में दो दिवसीय (12-13 फ़
बसंतोत्सव कार्यक्रम (दैनिक भास्कर) दिनांक – 15/02/19

# कोसली महाविद्यालय में हवन के साथ नये सत्र का शुभारंभ



राजकीय कॉलेज कोसली में हवन पूजा करते स्टॉफ व विद्यार्थी।

भास्कर न्यूज | कोसली

राजकीय महाविद्यालय में नए सत्र के शुभारंभ पर हवन करवाया गया। इसमें सभी विद्यार्थियों व कॉलेज स्टॉफ सदस्यों ने गायत्री मंत्रोच्चार कर हवन में आहुति डाली गई। प्राचार्य डॉ. सुधीर यादव ने कहा कि हवन करवाने से वातावरण निर्मल होता है। हिंदू धर्म में शुभ कार्य की शुरूआत करने से पहले हवन-यज्ञ अवश्य करवाया जाता है। प्राचार्य ने प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को बधाई देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

इस अवसर पर विवेक कुमार, विजय कुमार, सुरेन्द्र कुमार, डॉ. लाजवंती, नरेश, हर्षिता, ओमप्रकाश, डॉ. मनीषा सैनी, योगेश जांगड़ा, निशा, मंजू, संजीव, वंदना, योगेश, दिनेश व संदीप आदि सभी अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

दैनिक भास्कर
17-07-2019

विषय → कोसली महाविद्यालय में हवन के साथ नये सत्र का शुभारंभ

# कहीं टाइम टेबल लगा, कहीं हुआ हवन

जागरण संवाददाता, रेवाड़ी : कॉलेजों में नए सत्र का शुभारंभ होने लगा है। कुछ कॉलेजों में नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए समय सारणी लगा दी गई तो कहीं हवन का आयोजन किया गया। आगामी एक दो दिन में सभी कॉलेजों में सभा का आयोजन होने के साथ कक्षाएं आरंभ हो जाएंगी।

**अहीर कॉलेज में समय सारणी लगाई** : अहीर पीजी कॉलेज में नए सत्र के लिए समय सारणी जारी कर दी गई है। कुछ विद्यार्थी कॉलेजों में पहुंचे। नए सत्र को लेकर शिक्षक और गैर शिक्षक कर्मचारियों की बैठक आयोजित कर विद्यार्थियों की सभा को लेकर विचार विमर्श किया गया। एक दो दिन में सभा का आयोजन कर विद्यार्थियों को कॉलेज के नियम और वर्षभर चलने वाली गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

**कोसली में हवन के साथ हुआ आगाज** : कोसली: राजकीय महाविद्यालय कोसली में नये सत्र का शुभारंभ हवन के साथ किया गया। प्राचार्य डॉ. सुधीर यादव, प्रो. विवेक कुमार, रेखा यादव, आर्य समाज कोसली के पदाधिकारी, महाविद्यालय परिवार के सदस्य एवं विद्यार्थी मौजूद थे। आर्य समाज कोसली के सदस्यों ने यज्ञ में आहुति डालकर विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्य ने विद्यार्थियों से सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया।



कोसली राजकीय कालेज में नए सत्र के शुभारंभ पर आयोजित यज्ञ में उपस्थित स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी • जागरण

**दाखिला प्रक्रिया भी जारी** : एक ओर जहां कॉलेजों में नए सत्र के लिए समय सारणी जारी कर दी गई है वहीं दूसरी ओर कई कॉलेजों में अभी दाखिला प्रक्रिया जारी है। जिन विद्यार्थियों ने ऑनलाइन आवेदन किया था लेकिन दाखिला नहीं ले पाए थे विभिन्न कॉलेजों में पहुंचकर दाखिला ले रहे हैं। मंगलवार को दूसरी प्रतीक्षा सूची जारी हुई। इसके आधार पर जो विद्यार्थी दाखिला कमेटी के समक्ष उपस्थित हुए उनका दाखिला हो गया।

**पीजी की प्रथम कटऑफ सूची के विद्यार्थियों ने भरी फीस** : स्नातकोत्तर के प्रथम वर्ष के जारी पहली कटऑफ में शामिल विद्यार्थियों ने अंतिम दिन फीस भर दी है। अब उन्हें कक्षाएं आरंभ होने का इंतजार है।



दीक्षारंभ किया [illegible] ... दाखिले चल रहे हैं। [illegible] कक्षाएं [illegible] कार्यक्रम आयोजित कर सभी विद्यार्थियों को दिशा निर्देश जारी किए जाएंगे। - [illegible] प्राचार्य, अहीर कॉलेज

दैनिक जागरण
17-07-2019

2-8-19

विषय → भाषण, पोस्टर, मेकिंग, स्लोगन राइटिंग में लीना, गजल व दिव्या रही अव्वल

दिनांक – 2-08-19 (दैनिक भास्कर)

# भाषण, पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग में लीना, गजल व दिव्या रही अव्वल



राजकीय कॉलेज कोसली में जल शक्ति अभियान पर प्रतियोगिता में पेंटिंग दिखाते विद्यार्थी।

रेवाड़ी | कोसली स्थित राजकीय महाविद्यालय में जल शक्ति अभियान के तहत विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार यादव ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए विद्यार्थियों को जल संरक्षण की उपयोगिता के बारे में विस्तार से बताया। विद्यार्थियों ने भाषण, पोस्टर मेकिंग व स्लोगन राइटिंग आदि प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. मनीषा सैनी ने जीवन में जल की महत्ता के बारे में अवगत कराया। भाषण प्रतियोगिता में बीकॉम द्वितीय वर्ष की छात्रा लीना, पोस्टर मेकिंग में बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा गजल व स्लोगन राइटिंग में बीएससी मेडिकल द्वितीय वर्ष की छात्रा दिव्या ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर डॉ. मंजू यादव, नीलम, डॉ. चंदना निशाल, निशा, विजय कुमार व संजीव कुमार आदि सहित अन्य मौजूद रहे।

# नशा व धूम्रपान सहित अन्य बुराईयों से कराया अवगत



राजकीय कॉलेज कोसली में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को जानकारी देते प्रोफेसर।

भास्कर न्यूज | कोसली

राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. सुधीर यादव की अध्यक्षता में अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रेडक्रॉस ईकाई के तत्वावधान में हुए इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को एचआईवी एड्स, नशा व धूम्रपान जैसी बीमारियों के बारे में विस्तार से अवगत कराया। डॉ. नागेश ने एचआईवी वायरस क्या है, यह कैसे प्रभावित करता है व अन्य विषय पर प्रकाश डालते हुए उसके बचाव पक्ष के बारे में समझाया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. मनीषा सैनी ने नशा एक भयंकर बुराई विषय पर अपने विचार भी व्यक्त किए। प्रो. योगेश यादव ने वैज्ञानिक दृष्टिकोण रखते हुए विषय की गंभीरता पर प्रकाश डाला। मंच संचालन डॉ. लाज कौशल ने किया। प्रो. निर्मेक कुमार, प्रो. हर्षमीत, प्रो. त्रिपेन, प्रो. मंजू यादव व जसवंत जाखड़ सहित अन्य मौजूद रहे।

विषय → नशा व धूम्रपान सहित अन्य बुराईयो से कराया अवगत (दिनांक - 15/08/19 दैनिक भास्कर)

15.09.19

विषय → राजकीय कॉलेज कोसली में हिन्दी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम दिनांक - 15/09/19 दैनिक जागरण



राजकीय कॉलेज कोसली में हिंदी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते स्टाफ सदस्य •

**कविता पाठ प्रतियोगिता में पुनीत प्रथम**

: राजकीय महाविद्यालय कोसली में हिंदी दिवस पर कविता पाठ व भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्राचार्य सुधीर यादव ने कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए हिंदी की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को हिंदी के प्रचार के लिए उसे अपने दैनिक जीवन में इस्तेमाल करने का आह्वान किया। हिंदी विभागाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार, असिस्टेंट डॉ. लाज कौशल व विजय कुमार ने भी हिंदी के इतिहास पर प्रकाश डाला। कविता पाठ में पुनीत प्रथम, प्रीति द्वितीय व प्रीति ने तृतीय तथा भाषण में मनीषा प्रथम, दिव्या द्वितीय व अंशु तृतीय स्थान पर रही। इस मौके पर योगेश, हकीकत, विनोद, मनीषा, जसवंत, रेनु आदि स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

# भाषण में मनीषा स्थान



दैनिक भास्कर 15-09-19

रेवाड़ी | कोसली स्थित राजकीय महाविद्यालय में हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में कविता पाठ व भाषण प्रतियोगिता हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ हिंदी विभागाध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार, डॉ. लाज कौशल, विजय कुमार व प्राचार्य डॉ. सुधीर यादव ने किया। उन्होंने हिंदी की उत्पत्ति एवं विकास तथा उसके महत्व के बारे में बताया। कविता पाठ में बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा पुनीत ने प्रथम, बीकॉम की छात्रा प्रीति ने दूसरा व बीए की छात्रा प्रीति ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। भाषण में मनीषा ने प्रथम, दिव्या द्वितीय व अंशु तृतीय स्थान पर रही। योगेश यादव, हकीकत संधीर ने निर्णायक मण्डल की भूमिका निभाई। इस मौके पर प्रीति, विनोद कुमार, डॉ. मनीषा, जसवंत, रेनु यादव आदि सहित अन्य मौजूद रहे।

विषय → 550 वें प्रकाशोत्सव पर गुरु नानकदेव की शिक्षा 'नाम-जपो- कर्म करो' से कराया अवगत। दिनांक 1-10-19
दैनिक भास्कर

# 550वें प्रकाशोत्सव पर गुरु नानकदेव की शिक्षा 'नाम जपो-कर्म करो' से कराया अवगत

भास्कर न्यूज | रेवाड़ी

कोसली के राजकीय महाविद्यालय में सोमवार को गुरु नानकदेव के 550वें प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में व्याख्यान आयोजित किया गया। इस दौरान काव्य पाठ व सेमिनार के रूप में स्पर्धाएं भी कराई गईं।

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सुधीर यादव ने विद्यार्थियों को गुरु नानकदेव की शिक्षाओं जैसे कि नाम जपो, कर्म करो आदि से अवगत कराया। उन्होंने सिख धर्म की कई अच्छी शिक्षाएं जैसे लंगर आदि पर भी प्रकाश डालते हुए प्लास्टिक के एकल यूज को छोड़ने का आह्वान किया। काव्य पाठ में मनीषा प्रथम, प्रीति द्वितीय व अंजलि तृतीय स्थान पर रही। सेमिनार में प्रीति को पहला, पुनीत को दूसरा व मनीषा को तीसरा स्थान मिला। इस दौरान विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया। मंच संचालन कार्यक्रम प्रभारी डॉ. लाजवंती ने किया। निर्णायक मंडल की भूमिका सुरेंद्र कुमार, नरेश व मिस मंजू ने निभाई। डॉ. मनीषा ने गुरु नानक देव की शिक्षाओं व धार्मिक सौहार्द अपनाने पर बल दिया। इस मौके पर प्रीति, संगीता व अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।



राजकीय कॉलेज कोसली में आयोजित प्रतियोगिता में छात्रा को सम्मानित करते प्राचार्य डॉ. सुधीर यादव।

1-10-19
दैनिक भास्कर

8.10.2019

विषय → राजकीय महाविद्यालय में आगामी हरियाणा विधानसभा चुनावों के संदर्भ में छात्राओं को मतदान के प्रति जागरूकता अभियान के संदर्भ में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन —

दिनांक – 08/10/19 दैनिक जागरण

# रंगोली में नीतू और मेहंदी में आरती प्रथम

08-10-2019

संस, कोसली: यहां के राजकीय महाविद्यालय में आगामी हरियाणा विधानसभा चुनावों के संदर्भ में छात्राओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए छात्राओं की रंगोली, पोस्टर मेकिंग, मेहंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

रंगोली प्रतियोगिता में नीतू ने प्रथम, कोमिला ने द्वितीय व पूनम ने तृतीय, मेहंदी में आरती ने प्रथम, निधि ने द्वितीय व मोनिका ने तृतीय, पोस्टर मेकिंग में नेहा ने प्रथम, पायल ने द्वितीय तथा भारती व मोनिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य डा. सुधीर यादव ने विद्यार्थियों को अधिक से अधिक वोट डालने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि मतदाताओं द्वारा डाले गए मत से ही राष्ट्र का निर्माण होता है। इसलिए प्रत्येक विद्यार्थी मतदान में भाग ले तथा अन्य लोगों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करे। इस अवसर पर चुनाव नोडल आफिसर प्रो. त्रिदेव, प्रो. विजय कुमार, डॉ. लाज कौशल, डा. मनीषा, प्रो. मंजू यादव, प्रो. हकीकत सहित सभी स्टाफ सदस्य मौजूद थे।



राजकीय कॉलेज कोसली में आयोजित प्रतियोगिता में छात्राओं द्वारा बनाई गई रंगोली का अवलोकन करते निर्णायक मंडल के सदस्य • फोटो सौजन्य कॉलेज

6.11.19

विषय → राजकीय महाविद्यालय कोसली में टैलेंट हंट कार्यक्रम का शुभारंभ

# नृत्य में रविकांत प्रथम व पूनम द्वितीय



राजकीय कॉलेज कोसली में मंगलवार को टैलेंट हंट कार्यक्रम के प्रतिभागियों के साथ प्राचार्य डॉ. सुधीर यादव। मध्य में खड़े हैं अन्य स्टाफ सदस्य ● जागरण

**राजकीय महाविद्यालय, कोसली में आयोजित टैलेंट हंट प्रतियोगिता में विभिन्न प्रतिभागियों ने दिखाई अपनी-अपनी प्रतिभा**

संवाद सहयोगी, कोसली : राजकीय महाविद्यालय कोसली में टैलेंट हंट कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार यादव ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। हरियाणवी नृत्य प्रतियोगिता में रविकांत प्रथम, पूनम द्वितीय व सपना तृतीय, रंगोली में हर्षित प्रथम, नीतू द्वितीय व मोनिका तृतीय रही। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में परीक्षा प्रथम, रितिका द्वितीय व कुनाल तृतीय, पेंटिंग में नेहा प्रथम, नेहा यादव द्वितीय, काव्य पाठ में आशु प्रथम, काजल द्वितीय व कुनाल तृतीय रहे। प्राचार्य डा. सुधीर कुमार ने प्रतिभागियों को बधाई दी। इस अवसर पर प्रो. विवेक कुमार, विजय कुमार, सुरेंद्र कुमार, डा. लाज कौशल, डा. मनीषा, प्रो. नरेश, प्रो. हकीकत, प्रो. योगेश, प्रो. त्रिदेव मौजूद थे।

6-11-19 दैनिक जागरण

विषय -> कोसली राजकीय महाविद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता में हर्षिता व पेंटिंग में नेहा शर्मा रही अव्वल।

## रंगोली प्रतियोगिता में हर्षिता व पेंटिंग में नेहा शर्मा रही अव्वल

रेवाड़ी | कोसली राजकीय महाविद्यालय में टैलेंट हंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार यादव ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया। इसमें हरियाणवी प्रतियोगिता में रविकांत ने प्रथम, पूनम ने द्वितीय व सपना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली में हर्षिता ने प्रथम, नीतू ने द्वितीय व मोनिका तृतीय रही। पोस्टर मेकिंग परीक्षा प्रथम, रितिका द्वितीय व कुणाल तृतीय रहा। पेंटिंग में नेहा शर्मा ने प्रथम, नेहा यादव ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। काव्य पाठ में आशु प्रथम, काजल द्वितीय व कुणाल तृतीय रहा। इस मौके पर प्रो. विवेक कुमार, प्रो. विजय कुमार, प्रो. सुरेन्द्र कुमार, डॉ. लाल कौशल, डॉ. मनीषा सैनी, प्रो. नागेश, प्रो. हकीकत, प्रो. योगेश व प्रो. त्रिदेव आदि सहित अन्य मौजूद रहे।



7-11-19 दैनिक भास्कर

विषय -> कोसली राजकीय महाविद्यालय में गुरु नानक देव के 550वां प्रकाशोत्सव तथा शिक्षा मंत्री रहे मौलाना अबुल कलाम आजाद के जन्मदिवस के उपलक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## विद्यार्थियों ने कार्ड मेकिंग से लेकर निबंध लेखन स्पर्धा में लिया हिस्सा

भास्कर न्यूज़ रेवाड़ी

कोसली राजकीय महाविद्यालय में गुरु नानक देव के 550वां प्रकाशोत्सव तथा शिक्षा मंत्री रहे मौलाना अबुल कलाम आजाद के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सेमिनार, विचार गोष्ठी, निबंध लेखन व कार्ड मेकिंग सहित अन्य स्पर्धाएं कराई गईं। प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार यादव ने मौलाना अबुल कलाम आजाद के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान स्लोगन लेखन में काजल, रितेश, कोमल तथा निबंध लेखन में मनीष, रितेश, सपना, मोनिका, जतिन व सतीश आदि ने हिस्सा लिया। वहीं कार्ड मेकिंग में सोनिका, रजा, मुस्कान, मोनिका, मिनाक्षी व रीतिका ने भाग लिया। मंच संचालन डॉ. वंदना ने किया। डॉ. लाल कौशल ने गुरु नानकदेव की शिक्षाओं पर प्रकाश डाला। इस मौके पर प्रो. त्रिदेव, जसवंत, मंजूबाला व सविता सहित अन्य मौजूद रहे।



प्रतियोगिता की विजेताओं को सम्मानित करते प्राचार्य व स्टॉफ।

12-11-19 दैनिक भास्कर

## निबंध लेखन मे आशु व रंगोली मेकिंग प्रतियोगिता में नीतू रही अव्वल

रिवाड़ी | कोसली स्थित राजकीय महाविद्यालय में भारतीय चुनाव लोकतांत्रिक महोत्सव विषय पर निबंध लेखन, भाषण, रंगोली मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें सभी विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ कार्यवाहक प्राचार्य विजय कुमार ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने बताया कि भारतीय युवा लोकतंत्र के मजबूत प्रहरी है। उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में मतदान व आस-पास के लोगों को भी मतदान के प्रति जागरूक करना चाहिए। निबंध लेखन प्रतियोगिता में आशु ने प्रथम, मोनिका ने द्वितीय व काजल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण में कुनाल प्रथम, मनीषा द्वितीय व लीना तृतीय रही। रंगोली मेकिंग प्रतियोगिता में नीतू प्रथम, पायल द्वितीय व मोनिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मण्डल की भूमिका प्रो. योगेश जांगड़ा, प्रो. ओमप्रकाश व रेनू यादव ने निभाई। इसमें मंच संचालन मीडिया अधिकारी प्रो. विरेन्द्र ने किया। इस मौके पर प्रो. सुरेन्द्र कुमार, प्रो. नागेश कुमार व नीलम यादव आदि सहित अन्य मौजूद रहे।

Date – 15-11-2019
दैनिक भास्कर

विषय → कोसली स्थित राजकीय महाविद्यालय मे भारतीय चुनाव लोकतांत्रिक महोत्सव विषय पर निबंध लेखन, भाषण रंगोली मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई।

विषय → राजकीय कॉलेज कोसली में युवा महोत्सव के विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं के साथ प्राचार्य डा. सुधीर यादव व अन्य स्टाफ



राजकीय कॉलेज कोसली में युवा महोत्सव के विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं के साथ प्राचार्य डॉ. सुधीर यादव व अन्य स्टाफ सदस्य। जागरण

## युवा महोत्सव के विजेता सम्मानित

संवाद सहयोगी, कोसली : राजकीय महाविद्यालय कोसली में मंगलवार को कार्यक्रम का आयोजन कर मीरपुर विश्वविद्यालय में आयोजित क्षेत्रीय युवा महोत्सव [illegible] में विभिन्न विधाओं में श्रेष्ठ पुरस्कार प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। प्राचार्य डा. सुधीर यादव ने बताया कि [illegible] में मनीषा व अनिल व [illegible] पेंटिंग में [illegible] ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। क्विज में कुणाल व [illegible] की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली में नीशु व मेहंदी प्रतियोगिता में निधि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

Date – 20-11-2019
दैनिक जागरण

विषय → राजकीय महाविद्यालय में संविधान दिवस पर हुए विविध कार्यक्रम।

## राजकीय महाविद्यालय में संविधान दिवस पर हुए विविध कार्यक्रम

रेवाड़ी | कोसली स्थित राजकीय महाविद्यालय में संविधान दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार ने करते हुए विद्यार्थियों को भारतीय संविधान के 70 वर्ष पूरे होने पर शुभकामना देकर संविधान के महत्व के बारे में बताया। संयोजक राजनीतिक विज्ञान के सहायक प्रवक्ता योगेश जांगड़ा ने विद्यार्थियों को संविधान में शामिल किए गए मौलिक अधिकारों, राज्य नीति के निदेशक सिद्धांतों व मौलिक कर्तव्यों के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम के समापन पर सभी विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों ने सभी मौलिक अधिकारों व मौलिक कर्तव्यों का अपने जीवन में ईमानदारी से पालन करने की शपथ ली। इस मौके पर सुरेन्द्र कुमार, डॉ. [illegible], ओमप्रकाश, नागेश कुमार, संदीप कुमार, डॉ. वंदना, डॉ. मनीषा सैनी, मंजू यादव, विनोद कुमार, ओमकांत, नीलम यादव, डॉ. जगबीर व संदीप यादव आदि सहित अन्य मौजूद रहे।

दिनांक – 27/11/2019
दैनिक भास्कर

विषय → राजकीय महाविद्यालय कोसली के विद्यार्थियों ने नेहरू युवा केन्द्र की ओर से आयोजित कराई गई जिला स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन किया।

ाड़ी

रेवाड़ी, बुधवार 01 जनवरी, 2020 | 08

# कोसली कॉलेज के विद्यार्थियों का कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन



कार्यक्रम में विजेता कोसली राजकीय कॉलेज की छात्राओं को सम्मानित करते प्राचार्य।

भास्कर न्यूज | रेवाड़ी

राजकीय महाविद्यालय कोसली के विद्यार्थियों ने नेहरू युवा केंद्र की ओर से आयोजित कराई गई जिला स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने कई पदक प्राप्त किए। विजेता विद्यार्थियों को कॉलेज में पुरस्कृत भी किया गया।

प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार ने बताया कि कुनाल ने भाषण व निशा ने एकल नृत्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं छात्रा काजल को एकल नृत्य में द्वितीय स्थान मिला है। छात्रा कंचन, निशा, निधि, हर्षिता, पायल व काजल ने समूह गान में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। कंचन व कुनाल की ओर से प्रस्तुत किया गया समूह नृत्य भी सराहा गया। इस मौके पर प्रोफेसर विवेक कुमार व डॉ. लाज कौशल सहित अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

दिनांक - 1-1-2020
दैनिक भास्कर

10/1/20

विषय — कोसली के राजकीय महाविद्यालय में बृहस्पतिवार को रन फार यूथ कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों एवं महाविद्यालय के स्टाफ सदस्यों के लिए अभ्यास दौड़ का आयोजन किया गया।



# राजकीय कॉलेज में अभ्यास दौड़ हुई

कोसली। कोसली के राजकीय महाविद्यालय में बृहस्पतिवार को रन फॉर यूथ कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों एवं महाविद्यालय के स्टाफ सदस्यों के लिए एक अभ्यास दौड़ का आयोजन किया गया। जिसे प्राचार्य सुधीर यादव ने रवाना किया। प्राचार्य ने बताया कि स्वामी विवेकानंद जी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में 12 जनवरी को होने वाले रन फॉर यूथ कार्यक्रम में महाविद्यालय के अनेक विद्यार्थी भाग लेंगे। उसी सिलसिले में आज अभ्यास दौड़ का आयोजन किया गया है। उन्होंने विद्यार्थियों से रन फॉर यूथ कार्यक्रम में भाग लेने के लिए ऑन लाईन पंजीकरण कराने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रो. सुरेंद्र कुमार, योगेश यादव, मंजू यादव, त्रिदेव व डा. वंदना मौजूद थी।

दिनांक - 10-1-2020
हरि - भूमि

## कोसली कॉलेज में विद्यार्थियों के साथ दौड़े स्टाफ सदस्य



रेवाड़ी। कोसली राजकीय कॉलेज में रन फॉर यूथ मैराथन को लेकर विद्यार्थियों व कॉलेज स्टाफ सदस्यों की ओर से दौड़ का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. सुधीर यादव ने विद्यार्थियों को मैराथन में ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर प्रो. सुरेंद्र कुमार, प्रो. योगेश यादव, प्रो. मंजू यादव, प्रो. त्रिदेव, डॉ. वंदना व निशात सहित अन्य मौजूद रहे।

12/2/20

विषय → कानूनी साक्षरता इकाई के अंतर्गत राजकीय महाविद्यालय कोसली में कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्राचार्य डा० सुधीर यादव ने विद्यार्थियों को ऐसे कार्यक्रम में आगे बढ़कर भाग लेने का आह्वान किया।

रेवाड़ी, बुधवार 12 फरवरी, 2020 02

# निबंध में आशु, चित्रकारी में नीरज प्रथम भाषण स्पर्धा में मनीषा ने मारी बाजी

कोसली | कानूनी साक्षरता इकाई के अंतर्गत राजकीय महाविद्यालय कोसली में कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्राचार्य डॉ. सुधीर यादव ने विद्यार्थियों को ऐसे कार्यक्रमों में आगे बढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मंजू यादव ने कानूनी साक्षरता के बारे में जानकारी दी। इस दौरान मुख्य रूप से प्रो. विवेक कुमार, प्रो. विजय कुमार, प्रो. सुरेंद्र कुमार, डॉ. लाल कौशल, प्रो. मोनिका जांगड़ा, डॉ. मंजूबाला, डॉ. संदल निराला, प्रो. विदेश व रेनु रानी सहित अन्य मौजूद रहे। निबंध में बीए प्रथम से आशु को पहला, बीए प्रथम से ही पूजा ने दूसरा व बीए द्वितीय वर्ष से सुनैना गोयल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चित्रकारी में बीएससी द्वितीय से नीरज को पहला, बीएससी तृतीय से हर्षिता को दूसरा तथा बीएससी प्रथम से निधि व बीएससी द्वितीय से तनुज को संयुक्त रूप से तृतीय स्थान मिला। भाषण में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा मनीषा को पहला, बीए प्रथम वर्ष से आशु को द्वितीय और बीकॉम तृतीय से कुनाल व बीएससी द्वितीय से तनुज को संयुक्त रूप से तृतीय स्थान मिला।

दिनांक — 12-2-2020 दैनिक भास्कर

विषय → कोसली राजकीय कॉलेज मे आयोजित कार्यक्रम मे प्रतिभागियों के साथ स्टाफ सदस्य।

→ दैनिक भास्कर
दिनांक = 13/02/20

# प्रतियोगिताओं के विजेताओं का सम्मान

संवाद सहयोगी, कोसली : राजकीय महाविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें विजेता रहे प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों ने एचआइवी एड्स जागरूकता, समाज में युवाओं की भूमिका, नशे के खिलाफ जागरूकता आदि विषय पर भाषण, स्लोगन लेखन, पोस्टर बनाओ आदि प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्राचार्य डॉ. सुधीर यादव ने रोहतक में आयोजित राज्यस्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के छठा स्थान प्राप्त करने वाले तनुज गर्ग, आशीष, नितिन को दस-दस हजार रुपये नकद और प्रशस्ति पत्र मिलने पर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इसके अलावा कानूनी साक्षरता अभियान के तहत भी प्रतियोगिताएं हुईं। कार्यक्रम अधिकारी मंजू यादव ने बताया कि निबंध प्रतियोगिता में आशु, पूनम और सुनैना गोयल ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार चित्रकारी में नीरज, हर्षिता तथा निधि और गजल ने प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में मनीष, आशु, कुनाल व तनुज ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रिंसिपल डॉ. सुधीर यादव ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने का उद्देश्य विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान के साथ व्यक्तित्व विकास के लिए जागरूक करना है। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. मनीषा सैनी ने विद्यार्थियों को एड्स के कारण और बचाव के बारे में जागरूक किया। प्रो. विजय कुमार ने जीवन में अच्छे स्वास्थ्य के महत्व व संयमित जीवन शैली पर विचार रखे। नागेश कुमार ने सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने पर जोर दिया। त्रिदेव ने जागरूक नागरिक बनने की सलाह दी। निर्णायक मंडल में डॉ. लाजवंती, नागेश कुमार, रेणु यादव ने विजेताओं का चयन किया। स्लोगन राइटिंग में प्रीति, पोस्टर मेकिंग में कुणाल, भाषण में मनीष विजेता रहे। इस मौके पर प्रो. सुरेंद्र कुमार, योगेश यादव, प्रीति, संगीता, प्रो. विवेक कुमार, प्रो. विजय कुमार, डॉ. चंदन आदि उपस्थित थे।



कोसली राजकीय कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभागियों के साथ स्टाफ सदस्य • फोटो सौजन्य कॉलेज

विषय → राजकीय महाविद्यालय कोसली में चल रहे दो दिवसीय वसंतोत्सव कार्यक्रम उड़ान का शुक्रवार को समापन किया गया।

# काव्य पाठ में मोनिका और भाषण में तानिया रही अव्वल



कार्यक्रम में विजेता प्रतिभागी को सम्मानित करते हुए स्टाफ सदस्य।

भास्कर न्यूज़ | रेवाड़ी

राजकीय महाविद्यालय कोसली में चल रहे दो दिवसीय वसंतोत्सव कार्यक्रम उड़ान का शुक्रवार को समापन किया गया। प्राचार्य डॉ. सुधीर यादव ने विद्यार्थियों को जीवन में सांस्कृतिक गतिविधियों की महत्ता के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने युवाओं को गांव, देश की तरक्की में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया। विद्यार्थियों के संपूर्ण विकास के लिए इस प्रकार की कलात्मक व सांस्कृतिक गतिविधियां अवश्य होनी चाहिए। उन्होंने कन्या भ्रूण हत्या के अभिशाप से युवाओं को बचने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के समापन पर उपप्राचार्य विवेक कुमार सफल आयोजन के लिए सभी प्रतिभागियों व स्टाफ का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन डॉ. लाजवंती ने किया।

## ये प्रतिभागी रहे विजेता

- काव्य पाठ में बीएससी तृतीय वर्ष की मोनिका
- भाषण में बीएससी प्रथम वर्ष की तानिया
- मॉडल में बीकॉम तृतीय के कुणाल
- मेंहदी प्रतियोगिता में बीएससी तृतीय की निधि
- पोस्टर मेकिंग में बीकॉम द्वितीय के रितेश
- सोलो डांस में बीकॉम प्रथम के रविकांत
- ग्रुप डांस में प्रीति एंड ग्रुप रंगोली में मोर प्रथम मोनिका लघु नाटिका में आशा एंड ग्रुप

→ दैनिक भास्कर
दिनांक — 15-02-2020

16.02.2020

विषय — राजकीय महाविद्यालय कोसली में वसंतोत्सव उड़ान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के विजेताओं के साथ प्राचार्य डॉ. सुधीर यादव

www.jagran.com

**विविध गतिविधियां**

## वसंतोत्सव में प्रस्तुतियों से दिए प्रेरक संदेश



राजकीय महाविद्यालय कोसली में आयोजित वसंत उत्सव कार्यक्रम के विजेता प्रतिभागियों के साथ प्राचार्य सुधीर यादव व स्टाफ सदस्य • फोटो सौजन्य कालेज

संवाद सहयोगी, कोसली : राजकीय महाविद्यालय कोसली में वसंतोत्सव उड़ान का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से प्रेरक संदेश दिए। एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. लाजवंती के संचालन में प्रिंसिपल डॉ. सुधीर यादव ने बतौर मुख्य अतिथि श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित करते हुए प्रस्तुतियों के दौरान दिए संदेश को व्यवहार में लागू करने का आह्वान किया। उपप्राचार्य विवेक कुमार ने सभी प्रतिभागियों और उनके शिक्षकों का आभार प्रकट किया। प्रतियोगिता के दौरान काव्य पाठ में मोनिका, भाषण में तानिया, मॉडल बनाओ प्रतियोगिता में कुणाल, मेंहदी प्रतियोगिता में निधि, पोस्टर मेकिंग में रितेश, एकल नृत्य में रविकांत, समूह नृत्य में प्रीति और उनकी टीम, रंगोली में मोनिका, लघु नाटिका में आशा और उनकी टीम विजेता रहीं। प्राचार्य ने विजेताओं को बधाई दी। कार्यक्रम में समस्त शैक्षिक और गैर शैक्षणिक स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

→ दैनिक जागरण
दिनांक - 16/02/2020

# यातायात नियमों का पालन कर बचा सकते हैं जिंदगियां : डीएसपी

संवाद न्यूज एजेंसी

कौशाम्बी। देश में सड़क दुर्घटनाओं का सबसे बड़ा कारण यातायात नियमों की अज्ञानता है। यदि मात्र कुछ नियमों का पालन की जाए तो अनेक जिंदगी बचाई जा सकती है। लापरवाही से कै चलते सड़क दुर्घटनाओं में असमय मौत से अनेक परिवार उजड़ रहे हैं। ऐसे में सड़क पर वाहन चलाते समय नियमों को पालन बेहद जरूरी है।

यह बात मंगलवार को कौशाम्बी डीएसपी मोहिंदर सिंह ने यातायात नियमों को लेकर कौशाम्बी महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कही। सिंह ने कहा कि वाहन चलाते समय फोन का उपयोग, ओवरटेक करना, मुड़ने पर ध्यान नहीं देना, यातायात सिग्नल की अनदेखी सहित अन्य लापरवाही भी हादसे हो रहे हैं। इस दौरान राजकीय महाविद्यालय [illegible] सुधीर यादव मुख्य रूप से मौजूद रहे।



यातायात नियमों के बारे में जानकारी देता ट्रैफिक पुलिसकर्मी। संवाद



छात्रा को हेलमेट वितरित करते डीएसपी मोहिंदर सिंह। संवाद

**सूचना का अधिकार बेहद कारगर**

सूचना का अधिकार व्याख्यान के मुख्य वक्ता डॉ. रनवीर यादव ने कहा कि यह अधिनियम नागरिकों को प्रशासन के सभी स्तरों पर सूचना हासिल करने का अधिकार प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि बीते कुछ सालों में यह अधिकार बेहद कारगर रहा है। सिंह ने कहा कि नागरिकों को सूचना का अधिकार प्रदान करने का लक्ष्य प्रशासन की पारदर्शिता और उत्तरदायित्व को प्रोत्साहित करना है। इस अवसर पर एसएचओ कोसली शिवचरण, ट्रैफिक एसएचओ बहादुर सिंह, ट्रैफिक एएसआई विजयपाल, उपप्राचार्य एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. विवेक यादव ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। डॉक्टर राज कौशल ने अपनी कविता के माध्यम से संदेश जागरूक किया। इस दौरान सहायक प्रोफेसर प्रोफेसर सुनील यादव, सुरेंद्र कुमार, नागेश कुमार, योगेश यादव, निर्देश, डॉक्टर मनीषा, डॉक्टर मंजू यादव व संजीव कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

अमर उजाला
दिनांक - 10/12/2021

Event

# भाषण में आदिती ने मारी बाजी



कार्यक्रम में उपस्थित छात्राएं। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

कोसली। राजकीय महाविद्यालय में राजकीय आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत संविधान दिवस पर कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम अध्यक्षता कॉलिज प्राचार्य डॉ. विवेक यादव ने की।

इस दौरान भाषण प्रतियोगिता और निबंध प्रतियोगिता के साथ संसदीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया। भाषण प्रतियोगिता में अदिति ने प्रथम, मनीषा ने द्वितीय और भावना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में पुष्पा ने प्रथम, आशु चौहान ने द्वितीय और आशा रानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रो. विनोद कुमार व प्रो. सुनील कुमार ने विद्यार्थियों के संविधान के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर प्रो. सुरेंद्र, प्रो. नागेश, प्रो. संजीव कुमार, प्रो. वंदना, प्रो. मंजू और प्रो. त्रिदेव आदि उपस्थित रहे।

दिनांक = 27-11-21 (अमर उजाला)

18/3/2021

विषय → सामाजिक बुराइयों के प्रति करे जागरूक

# सामाजिक बुराइयों के प्रति करें जागरूक



राजकीय महिला कालेज गुरावड़ा में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते प्राचार्य डा. सुधीर यादव • सौजन्य कालेज

जासं, रेवाड़ी: राजकीय महिला महाविद्यालय गुरावड़ा में सात दिवसीय एनएसएस शिविर की शुरुआत की गई। शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डा. सुधीर यादव ने किया, जिसमें बतौर मुख्य वक्ता राजकीय कालेज कवाली के प्राचार्य डा. परमभूषण आर्य मौजूद रहे। डा. परमभूषण आर्य ने स्वयंसेविकाओं को बताया कि शिविर के माध्यम से किस तरह आप सामाजिक बुराइयों के प्रति लोगों को जागरूक कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अपने घर व आसपास रहने वाले बड़े-बुजुर्गों का ख्याल रखें। महाविद्यालय के उप प्राचार्य ने मुख्य वक्ता का आभार व्यक्त किया। वहीं छात्राओं के लिए बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, कोरोना महामारी, वृद्धों से प्यार व सड़क सुरक्षा विषय पर प्रतियोगिताएं आयोजित कराई गई। प्रतियोगिताएं ट्रैफिक इंटरप्रीटेशन सेंटर प्रभारी डा. ज्योति की देखरेख में हुई। मौके पर एनएसएस प्रभारी मनीषा, डा. नीरव, सुनील दत्त, डा. कविता, डा. राजरत्न, डा. सविता, कृष्णा, रजनी, ज्योति, विकती, नंदबीर, पूनम आदि मौजूद रहे।

दैनिक जागरण
Date - 18/3/2021

16.03.2021

विषय → कोसली के राजकीय कॉलेज मे ट्रैफिक इंटरप्रेटेशन सेंटर के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।



# कोसली कॉलेज में निबंध लेखन पोस्टर मेकिंग में दिखाई प्रतिभा




भास्कर न्यूज | कोसली

कोसली के राजकीय कॉलेज में ट्रैफिक इंटरप्रेटेशन सेंटर के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। निबंध लेखन, पोस्टर मेकिंग, स्लोगन लेखन तथा क्विज में विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। निबंध लेखन में स्नातक प्रथम वर्ष की छात्रा याचिका पहले, बीकॉम प्रथम वर्ष से मनीषा को दूसरा तथा बीकॉम प्रथम वर्ष की छात्रा ज्योति ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। स्लोगन लेखन में मोहिनी यादव बीकॉम फर्स्ट ईयर प्रथम स्थान पर रही, प्रियंका बीकॉम फर्स्ट ईयर दूसरे स्थान पर तथा मुस्कान स्नातक प्रथम वर्ष तीसरे स्थान पर रही। पोस्टर मेकिंग में कुसुम स्नातक प्रथम वर्ष ने पहला, अंकित जांगड़ा स्नातक प्रथम वर्ष ने दूसरा तथा अंजू स्नातक प्रथम वर्ष ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। क्विज प्रतियोगिता में जितेंद्र व दिनेश ने प्रथम, मनीष व मानसी ने दूसरा तथा सुनीता व आर्यन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार यादव ने विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। मंच संचालन सेंटर के कन्वीनर सुनील कुमार ने किया। इस मौके पर असिस्टेंट प्रोफेसर नागेश कुमार, एसोसिएट प्रोफेसर विवेक कुमार, असिस्टेंट प्रोफेसर हकीकत, डॉ. मंजू यादव, डॉ. मनीषा, असिस्टेंट प्रोफेसर सुरेंद्र कुमार, असिस्टेंट प्रोफेसर प्रीति व एक्सटेंशन लेक्चरर रेनू रानी सहित अन्य मौजूद रहे।

दैनिक भास्कर दिनांक - 16-03-2021.

24.10.2021

विषय → राजकीय महाविद्यालय कोसली में अमृत महोत्सव के अंतर्गत कार्यक्रम व एसेंबली का आयोजन किया गया।

अमर उजाला  दिनांक – 24-10-2021

आयोजन

राजकीय महाविद्यालय कोसली में कार्यक्रम व एसेंबली का आयोजन

# भाषण व कविता पाठ में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

अमर उजाला ब्यूरो एजेंसी

कोसली। राजकीय महाविद्यालय कोसली में सांस्कृतिक विभाग की ओर से आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत कार्यक्रम व एसेंबली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार यादव ने किया।

उन्होंने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि हमें इस अमृत महोत्सव को साकार करने की जिम्मेदारी मिली है। आजादी का यह अमृत महोत्सव भारत के जन-जन का [illegible]। इस अवसर पर भाषण व कविता पाठ में भावना, आरती, कंचन, पिंकी, [illegible] और दिव्या ने अपनी प्रतिभागिता [illegible] प्राचार्य विवेक कुमार ने कहा कि हम अपना कर्तव्य जागरूक नागरिक की भांति निभाएं और देश की प्रगति में अपना योगदान दें। आजादी के मतवालों को बार-बार नमन करते हुए उन्होंने अपना वक्तव्य रखा। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी डॉ संध्या ने सभी का धन्यवाद किया। मंच संचालन [illegible] ने अपने कवितामयी अंदाज में किया। असेंबली कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को [illegible] के बारे में बताया गया।

प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों से महाविद्यालय परिवार एवं विभिन्न विभागों (खेलकूद, सांस्कृतिक, महिला प्रकोष्ठ, राष्ट्रीय सेवा योजना, प्लेसमेंट सेल रेडक्रॉस, स्कॉलरशिप आदि) का परिचय करवाया गया। प्रो. सुरेंद्र कुमार, [illegible] यादव, हकीकत [illegible], डॉ. वंदना [illegible], असिस्टेंट प्रोफेसर विनोद आदि ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर असिस्टेंट प्रोफेसर नरेश कुमार, डॉ. मनु यादव, विनोद कुमार, ओम प्रकाश यादव, संतोष कुमार, प्रीति, सविता, संदीप कुमार, संदीप यादव, जसमेर [illegible], सुनील यादव, सुमित यादव सहित स्टाफ के सदस्य मौजूद थे।



कोसली महाविद्यालय में छात्रों को संबोधित करते प्राचार्य सुधीर यादव। संवाद

02/06/2022

विषय → कोसली राजकीय कॉलेज में इतिहास विभाग की ओर से विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया।

व्याख्यान • कोसली कॉलेज में इतिहास विभाग ने कराया विस्तार व्याख्यान

# भगत सिंह के जीवन में जलियांवाला बाग घटना एक अहम मोड़ : प्रो. चहल

भास्कर न्यूज | रेवाड़ी



कोसली राजकीय कॉलेज में इतिहास विभाग की ओर से विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग के अध्यक्ष व सामाजिक विज्ञान संकाय के डीन प्रोफेसर सर्वर कुमार चाहल रहे। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार यादव ने उनका अभिनंदन किया।

प्राचार्य डॉ. सुधीर ने वीर भगत सिंह के जीवन पर संक्षिप्त प्रकाश डालते हुए कहा कि भगत सिंह का जन्म पंजाब के बंगा नामक गांव में हुआ था और उनकी जीवनी के कुछ उदाहरण भी दिए कि जैसे जब भगत सिंह छोटा था तो अपने चाचा को उसने कहा था कि मैं खेत में बंदूक उगाऊंगा। इसके अलावा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जीवनी पर भी प्रकाश डाला। प्रो. एसके चहल ने कहा कि भगत सिंह एक चिंतक भी थे और पूरे भारतवर्ष में किसी न किसी रूप में आज भी वैचारिक रूप से जीवित है। भगत सिंह की पारिवारिक पृष्ठभूमि भी क्रांतिकारी रही है। उनके जीवन में जलियांवाला बाग घटना एक अहम मोड़ थी। मंच संचालन प्रोफेसर संजीव कुमार ने किया। उप प्राचार्य प्रोफेसर विवेक कुमार ने मुख्य वक्ता का आभार जताया। इस मौके पर प्रो. सुरेंद्र कुमार, डॉ. लाज कौशल, प्रो. मनजीत सिंह, प्रो. नागेश कुमार, प्रो. योगेश यादव, डॉ. मंजू यादव, प्रो. विनोद कुमार, प्रो. सुनील कुमार, प्रो. प्रीति, सविता व रेनू सहित अन्य मौजूद रहे।

दैनिक भास्कर दिनांक - 02/06/2022

23.06.2022

विषय → स्थानीय राजकीय महाविद्यालय में रसायन शास्त्र विभाग के तत्वधान में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

दैनिक जागरण – 23-06-2022

IV दैनिक जागरण नई दिल्ली, 23 जून 2022

सिटी हलचल...

## प्रश्नोत्तरी के विजेताओं को किया सम्मानित



राजकीय महाविद्यालय कोसली में विजेताओं के साथ स्टाफ सदस्य • सौ. कालेज

संवाद सहयोगी, कोसली: स्थानीय राजकीय महाविद्यालय में रसायन शास्त्र विभाग के तत्वावधान में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजित प्रतियोगिता की शुरुआत प्राचार्य डा. सुधीर यादव के अभिभाषण से हुई। उन्होंने विद्यार्थियों को विज्ञान विषय की उपयोगिता के बारे में बताया तथा प्रतियोगिता के दौरान प्रश्न पूछ कर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन व मनोरंजन किया। विभागाध्यक्ष डा. मंजू यादव ने मंच संचालन कर क्विज मास्टर की भूमिका निभाई तथा डा. चंदना निवास, संदीप यादव, जसवंत सिंह ने विद्यार्थियों से प्रश्न पूछे। प्रतियोगिता में सोनल, प्रिया, सोनाली की टीम प्रथम स्थान पर रही। टीम ए और टीम एफ द्वितीय स्थान तथा टीम ए, टीम ई ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर उप प्राचार्य विवेक कुमार, प्रो. सुरेंद्र सिंह, डा. लाज कौशल, प्रो. [illegible] कुमार, प्रो. मनजीत सिंह, प्रो. विनोद कुमार, सुमित आदि मौजूद रहे।

24.06.2022

विषय → कोसली स्थित राजकीय महाविद्यालय में रसायन शास्त्र विभाग के तत्वावधान में एक क्विज का आयोजन किया गया।

न्यूज ब्रीफ

## क्विज स्पर्धा में सोनल, प्रिया व सोनाली की टीम रही प्रथम



[illegible]

दैनिक-भास्कर दिनांक – 24-06-2022



कोसली राजकीय कॉलेज में नशे के खिलाफ जागरूकता रैली निकालते छात्र। स्रोत

## कोसली महाविद्यालय की एनएसएस इकाई ने निकाली नशे के खिलाफ जागरूकता रैली

[illegible]

अमर – उजाला – दिनांक – 25-06-2022

[illegible] ने सुशील स्थान प्राप्त किया।

25.06.2022

विषय → राजकीय महाविद्यालय में बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वधान में अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस मनाया गया।

# डीएसपी ने विद्यार्थियों को दिलाई कभी नशा नहीं करने की शपथ

## अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम

संवाद सहयोगी, कोसली : स्थानीय राजकीय महाविद्यालय में बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस मनाया गया। प्राचार्य डा. सुधीर कुमार यादव ने बताया कि नशीली वस्तुओं के नियंत्रण के लिए संयुक्त राष्ट्र महासभा ने सात दिसंबर 1987 को यह प्रस्ताव पारित किया था। तभी से हर वर्ष इस दिन को नशे से आजादी दिवस के रूप में मनाया जाता है। कोई भी व्यक्ति जब नशा करता है तो वह व्यक्तिगत, पारिवारिक, नैतिक व सामाजिक रूप से हीन हो जाता है। यह पूरे विश्व की समस्या है।

मुख्य अतिथि डीएसपी मुकेश कुमार ने कहा कि हमारे समाज में अनेक प्रकार का नशा व्याप्त है। शराब से लेकर गांजा, कोकीन, गुटखा, बीड़ी, सिगरेट, तंबाकू, हीरोइन जैसा घातक नशा हमारे समाज को खोखला कर रहा है। घातक ड्रग्स हमारे शरीर और दिमाग दोनों को खोखला कर देते हैं, जिससे लीवर, फेफड़े, किडनी खराब हो जाते हैं। इसके अतिरिक्त नशे से पीलिया, कैंसर, टीबी जैसी घातक बीमारियां हो जाती हैं। हमारे देश का युवा जो हमारा भविष्य है वह नशे की लत में पड़ रहा है, जिसके कारण हमें सचेत रहने की आवश्यकता है। एसआई सुरेश कुमार ने सभी विद्यार्थियों को नशा न करने की शपथ दिलवाई। मंच संचालन डा. ... कौशल ने किया। उपप्राचार्य प्रोफेसर विवेक कुमार ने सभी का आभार जताया। इस अवसर पर प्रो सुरेंद्र कुमार, प्रो. ... कुमार, प्रो. ... सिंह, प्रो. संतोष कुमार, प्रो. ... कुमार, प्रो. ..., प्रो. ..., प्रो. ..., प्रो. चंदना, डा. मंजू यादव, प्रो. ..., प्रो. प्रीति, ... आदि मौजूद रहे।




नशा निरोधक दिवस पर विद्यार्थियों को संबोधित करते डीएसपी मुकेश कुमार • जागरण

### नशे से दूर रहने के लिए किया जागरूक

संवाद सहयोगी, ... : नशे से आजादी पखवाड़ा अभियान के तहत पुलिस प्रशासन की ओर से भगत सिंह चौक पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ... ने कहा कि हम सभी का दायित्व है कि नशे को रोकने के लिए लोगों को जागरूक करें। नशा अधिक स्वास्थ्य और सामाजिक रूप से हमारा नुकसान करता है। डीएसपी अमित भाटिया ने कहा कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर हर थाने के अंतर्गत आने वाले गांवों में जाकर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया जा रहा है। थाना प्रभारी ... ने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है। ... कुमार ने कहा कि नशा शरीर के लिए अति खतरनाक है। इस मौके पर भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष ... यादव, पार्षद ..., ... राजपूत, ... खोला, ... यादव, राजेश आदि मौजूद रहे।

दैनिक जागरण - दिनांक - 25-06-2022

विषय - राजकीय महाविद्यालय कोसली के भौतिकी शास्त्र विभाग की ओर से प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

# प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में पिंकी, यशिका और जतिन की टीम रही प्रथम



विजेता छात्रा को सम्मानित करते प्राचार्य। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

## राजकीय महाविद्यालय कोसली में भौतिकी शास्त्र विभाग ने आयोजित की प्रतियोगिता

कोसली। राजकीय महाविद्यालय कोसली में भौतिकी शास्त्र विभाग की ओर से प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य डॉ. सुधीर यादव के अभिभाषण से हुई।

उन्होंने विद्यार्थियों को विज्ञान विषय की उपयोगिता के बारे में बताया तथा क्विज के दौरान प्रश्न पूछकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में पिंकी, यशिका और जतिन की टीम प्रथम स्थान पर रही।

प्राचार्य ने बताया कि प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता जैसे कार्यक्रमों से बच्चों की विज्ञान में रुचि बढ़ती है। ऐसे कार्यक्रम महाविद्यालय में समय पर होते रहने चाहिए। रेनु यादव ने मंच संचालन कर क्विज मास्टर की भूमिका निभाई तथा डॉ. संध्या ने भी विद्यार्थियों से दो राउंड में प्रश्न पूछे। प्रतियोगिता में ज्योति, कमलजीत और पुष्पा की टीम द्वितीय और नीतू, भावना, आशा रानी की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस दौरान विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर उप प्राचार्य विवेक कुमार, प्रोफेसर संदीप कुमार, डॉ. लाज कौशल, प्रो. नागेश कुमार, प्रो. जसमेर अहलावत, प्रो. त्रिदेव आदि मौजूद रहे।

दिनांक - 28-06-2022 अमर - उजाला

विषय— राजकीय महाविद्यालय कोसली में तिरंगा साइकिल यात्रा का आयोजन किया गया

दिनांक - 10-08-2022 अमर उजाला

न्यूज डायरी

## तिरंगा साइकिल यात्रा का आयोजन



कोसली। राजकीय महाविद्यालय में तिरंगा साइकिल यात्रा का आयोजन किया गया। इसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों ने पूरे उत्साह के साथ बढ़ चढ़कर भाग लिया। यात्रा का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर सुधीर कुमार यादव द्वारा किया गया। इस दौरान प्राचार्य ने हरी झंडी दिखाकर तिरंगा साइकिल यात्रा को महाविद्यालय से रवाना किया। यह यात्रा तहसील के सामने से गुजरते हुए कोसली बस स्टैंड तक पहुंची। तत्पश्चात कोसली बस स्टैंड से मेन बाजार से होते हुए वापस महाविद्यालय प्रांगण तक आए। इस यात्रा के दौरान सभी विद्यार्थियों का उत्साह देखने लायक था। विद्यार्थियों ने अपने विभिन्न नारों जैसे वंदे मातरम्, भारत माता की जय, विजयी विश्व तिरंगा प्यारा, झंडा ऊंचा रहे हमारा के माध्यम से देशभक्ति की भावना का संदेश दिया तथा तिरंगे के प्रति सम्मान रखने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उपप्राचार्य विवेक कुमार, डॉक्टर लाजवंती, योगेश यादव, हकीकत, मंजीत, संजीव कुमार, बिदेश, संदीप यादव इत्यादि उपस्थित रहे। संवाद

13.10.2022

विषय → कोसली स्थित राजकीय महाविद्यालय में बुधवार को नारी सशक्तिकरण विषय पर भाषण, स्लोगन, लेखन, पोस्टर मेकिंग और मेहंदी प्रतियोगिता कराई गई।

### कोसली के राजकीय कॉलेज में नारी सशक्तिकरण विषय पर हुई प्रतियोगिताएं

# पोस्टर मेकिंग में बबीता और स्लोगन में छात्रा अंशिका अव्वल

भास्कर न्यूज | [illegible]

कोसली स्थित राजकीय महाविद्यालय में बुधवार को नारी सशक्तिकरण विषय पर भाषण, स्लोगन लेखन, पोस्टर मेकिंग और मेहंदी प्रतियोगिता कराई गई। भाषण प्रतियोगिता में छात्राओं ने संदेश दिया कि समाज में एक नारी का सशक्त होना बहुत ही अनिवार्य है।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुधीर यादव ने कहा कि जब एक नारी सशक्त होती है तो वह पूरे परिवार और समाज को सशक्त करती है। उन्होंने छात्राओं का उत्साहवर्धन भी किया। महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. मंजू यादव ने महिला सशक्तिकरण के बारे में बताया। भाषण में मनीषा प्रथम, अदिति द्वितीय तथा भावना तृतीय स्थान पर रही, वहीं स्लोगन लेखन में अंशिका प्रथम, अदिति द्वितीय तथा सोनल और मनीषा ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार पोस्टर मेकिंग में बबीता प्रथम, अंजलि द्वितीय और मनीषा तृतीय स्थान पर रही। मेहंदी प्रतियोगिता में मनीषा प्रथम, निशु द्वितीय तथा ज्योति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिताओं के संचालन में [illegible] डॉ. [illegible], डॉ. [illegible] और रेनू यादव ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। इस मौके पर प्रो. सुरेंद्र कुमार, डॉ. प्रीति, प्रो. नरेश कुमार, डॉ. संध्या, प्रो. [illegible] व सुमित कुमार आदि मौजूद रहे।



राजकीय कॉलेज में मेहंदी प्रतियोगिता में भाग लेतीं छात्राएं।

1/11/22

विषय → राजकीय महाविद्यालय कौसली में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया



छात्राओं को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाते प्राचार्य डॉ. सुधीर यादव। संवाद

## सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती मनाई

कौसली। राजकीय महाविद्यालय कौसली में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में प्राचार्य डॉक्टर सुधीर यादव ने कहा कि आज का दिन राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में इसलिए मनाया जाता है, क्योंकि सरदार पटेल की राजनीतिक एकीकरण में प्रमुख भूमिका थी। उसके बाद प्राचार्य व स्टाफ सदस्यों ने विद्यार्थियों को भारत देश की एकता व अखंडता की सुरक्षा के लिए शपथ दिलवाई। इस अवसर पर सुरेंद्र कुमार, डॉक्टर लाल कौशल, संजीव कुमार, जसमेर अहलावत, रेनू यादव, रेनू रानी, नीलम यादव, मोनिया, विकास शर्मा आदि मौजूद रहे। संवाद

दिनांक - 1-11-2022 अमर - उजाला

एकता व अखंडता की सुरक्षा के लिए दिलाई शपथ : राजकीय महाविद्यालय कौसली में सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य डा. सुधीर यादव ने कहा कि आज का दिन राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में इसलिए मनाया जाता है क्योंकि सरदार वल्लभ भाई पटेल की राजनीतिक एकीकरण में प्रमुख भूमिका थी। उसके बाद प्राचार्य व स्टाफ सदस्यों ने विद्यार्थियों को भारत देश की एकता व अखंडता की सुरक्षा के लिए शपथ दिलवाई। इस अवसर पर सुरेंद्र कुमार, डाक्टरलाल कौशल, संजीव कुमार, जसमेर अहलावत, रेनू यादव, रेनू रानी, नीलम यादव, मोनिया, विकास शर्मा मौजूद थे।

दिनांक - 1-11-2022 दैनिक-जागरण

प्रतिभा खोज कार्यक्रम के जरिए ढूंढी जा रही प्रतिभा, कोसली में हुआ आयोजन

# नृत्य में प्रियंका, मेहंदी में ज्योति, गीत में पिंकी और पोस्टर मेकिंग में छात्रा बबीता रही प्रथम स्थान पर

भास्कर न्यूज | रेवाड़ी



कोसली के राजकीय कॉलेज में हुआ प्रतिभा खोज कार्यक्रम।

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर में 23 से 25 नवंबर तक आयोजित होने वाले युवा महोत्सव की तैयारी को लेकर कोसली के राजकीय कॉलेज में भी प्रतिभा खोज कार्यक्रम कराया गया जिसमें विद्यार्थियों ने हुनर का प्रदर्शन किया।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार यादव ने कहा कि इस क्षेत्र में प्रतिभा की कमी नहीं है। जरूरत प्रतिभाओं को निखारकर उनको मंच प्रदान करने की है। इस कार्यक्रम में विनोद कुमार, डॉ. मंजू यादव, डॉ. वंदना, नीलम यादव, रेनु यादव ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। सांस्कृतिक कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संध्या ने बताया कि नृत्य में प्रियंका ने प्रथम, भारती ने दूसरा और नेहा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। गीत में पिंकी ने पहला, निशु ने दूसरा और प्रीति ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग में बबीता ने पहला और अदिति ने दूसरा और मेहंदी में ज्योति ने पहला, सोनिया ने दूसरा व भतेरी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। पेंटिंग में ज्योति प्रथम, पंजाबी गीत में निशु प्रथम, रागनी में पिंकी प्रथम, भाषण में मनीषा प्रथम, श्लोकोच्चारण में ऊषा ने पहला स्थान प्राप्त किया। रंगोली में यशिका को प्रथम स्थान मिला। मंच संचालन डॉ. लाज कौशल ने किया। इस अवसर पर सुरेंद्र कुमार, संजीव कुमार, विनोद कुमार, प्रीति, सविता, रेनू रानी, जसवंत जाखड़, जसमेर अहलावत व विकास शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

# आत्मविश्वास से हर कार्य होता है सफल


राजकीय महाविद्यालय कोसली में आयोजित प्रतिभा खोज प्रतियोगिता के दौरान हरियाणवी नृत्य प्रस्तुत करती छात्राएं • सौ. महाविद्यालय।

संवाद सहयोगी, कोसली: राजकीय महाविद्यालय कोसली में प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर की ओर से 23 से 25 नवंबर तक आयोजित होने वाले युवा महोत्सव में हिस्सा लेंगे।

आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत प्रतिभा खोज कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए महाविद्यालय प्राचार्य डा. सुधीर कुमार यादव ने कहा कि इस क्षेत्र में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। जरूरत है तो प्रतिभा को निखारने की। आत्मविश्वास के साथ जो किसी भी विधा में भाग लेगा वह अवश्य सफल होता है। हार व जीत मायने नहीं रखती। महत्वपूर्ण बात यह है कि कितनी जोश के साथ भाग लिया जा रहा है। कार्यक्रम में विनोद कुमार, डा. मंजू यादव, डा. वंदना, नीलम यादव, रेनू यादव ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। सांस्कृतिक कार्यक्रम अधिकारी डा. संध्या ने बताया की नृत्य में प्रियंका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, भारती ने दूसरा और नेहा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। गीत में पिंकी ने पहला स्थान प्राप्त किया, नीशू ने दूसरा और प्रीति ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग में बबीता ने पहला और अदिति ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। मेहंदी रचाओ में ज्योति ने पहला, सोनिया ने दूसरा और भतेरी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। पेंटिंग में ज्योति प्रथम रही। पंजाबी गीत में निशु प्रथम रही। रागनी में पिंकी प्रथम रही। भाषण में मनीषा प्रथम रही। श्लोकोच्चारण में ऊषा ने पहला स्थान प्राप्त किया। रंगोली में यशिका विजेता रही। डा. लाज कौशल के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में सुरेंद्र कुमार, संजीव कुमार, विनोद कुमार, प्रीति, सविता, रेनू रानी, जसवंत जाखड़, जसमेर अहलावत, विकास शर्मा आदि उपस्थित थे।

दिनांक - 12-11-2022 दैनिक - जागरण



# 'डिजिटल लैंग्वेज लैब आधुनिक समय की मांग'

संवाद सहयोगी,कोसली: गांव स्थित राजकीय महाविद्यालय में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि विधायक लक्ष्मण सिंह यादव मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डा. सुधीर यादव ने की। कार्यक्रम की शुरुआत शौर्य की दीवार पर पुष्पांजलि एवं डिजिटल लैंग्वेज लैब के उद्घाटन से हुई।

विधायक लक्ष्मण सिंह ने कहा कि डिजिटल लैंग्वेज लैब आज के आधुनिक समय की मांग है। उन्होंने इसकी शुरुआत के लिए राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य की सराहना की। प्राचार्य डा. सुधीर यादव ने औपचारिक रूप से मुख्य अतिथि के संक्षिप्त परिचय के साथ उनका स्वागत किया और महाविद्यालय की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट मंच से प्रस्तुत की। उन्होंने महाविद्यालय में अंग्रेजी गणित तथा रसायन शास्त्र विषयों की स्नातकोत्तर कक्षाएं प्रारंभ करने, महाविद्यालय भवन के तीसरे तल के निर्माण, महाविद्यालय गेट के निर्माण की मांगें मुख्य रूप से रखी। विधायक ने सभी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया। उन्होंने महाविद्यालय की शैक्षणिक तथा अन्य गतिविधियों जैसे खेल, सांस्कृतिक कार्यक्रम, विज्ञान प्रदर्शनी आदि में महाविद्यालय का नाम रोशन करने वाले विद्यार्थियों को मेरिट सर्टिफिकेट भी प्रदान किए। आरती शर्मा को राष्ट्रीय स्तर पर कुश्ती में स्वर्ण पदक हासिल करने पर सम्मानित किया। बैडमिंटन में महिला एवं पुरुष वर्ग की टीम द्वारा यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप का खिताब जीतने पर उनको सर्टिफिकेट प्रदान किए। उप प्राचार्य डा. विवेक कुमार ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। मंच संचालन डा. लाजवंती ने किया। इस अवसर पर कोसली गांव के सरपंच रामकिशन, सुरेंद्र कुमार, डा. वंदना, डा. योगेश यादव, डा. संध्या, डा. मंजू यादव, त्रिदेव, ओमप्रकाश यादव आदि मौजूद रहे।

कोसली राजकीय महाविद्यालय में आयोजित समारोह में छात्रा को सम्मानित करते विधायक लक्ष्मण सिंह यादव • सौ. कालेज

दिनांक - 17/12/22 (दैनिक जागरण)

Institution organizes national festivals and birth / death anniversaries of the great Indian personalities.

Govt. College Kosli, faculty and students organizes programmes to celebrate national festivals and birth / anniversaries of the great Indian personalities every year.

Events like tree plantation, environmental consciousness and cleanliness and talks by eminent personalities are organized as part of the celebrations.

- **Teacher's Day** is a special day celebrated in memory of Dr. Sarvepalli Radhakrishnan, and the staff club included activities to honor the staff for their special contributions.

**Independence Day** was celebrated in a grand manner at the Rajiv Gandhi Khel Stadium on sub divisional level on every 15th August .The students and faculty members of the college participated in the celebration.

**National Voter's Day**

A pledge was taken on national voters day ceremony organized on 25th January 2023. A copy of the 'Pledge' was circulated to all faculty members. Other officials and non-teaching faculty members also participated in the pledge taking ceremony in their place of work at the same time.

## 7.2 Best Practices

### 7.2.1: Describe two best practices successfully implemented by theInstitution as per NAAC format provided in the Manual.

**BEST PRACTICE - 1**

**1). COMPETITIVE CELL**

A competitive cell was constituted by the Principal in the college.

**1). Objectives of the Practice**

- To motivate the students towards to prepare for competitive exams.
- To give an environment to the students in which they can discuss their problems with their teachers.
- To increase the caliber of the students.

**2). Context**.

To prepare the students for competitive exams.

To guide students for group discussion and interviews.

To guide students in various career opportunities

To build up a sense of awareness among the students.

To arrange guest lecturers on various topic.

To enrich interest in current affairs, G.K. etc.

**3).The Practice**

Today's Era is based on competition. So competition cell was established in the year 2020 to encourage the students towards preparation for the various competitive exams. Students are directed to prepare themselves for Haryana general knowledge, Reasoning, Soft-skills etc. Some positive effect have also been seen in the students. The students who can't afford coaching classes, quality study material and comprehensive guidance is provided to them.

**4). Evidence of Success**

Due to this practice, the students are taking serious interest in their study as well as competitive exams. Many of students crack the competitive exams for govt. and private jobs.

**5). Problems Encountered and Resources Required**

Since this intuition is situated in the rural area, some common problems like electricity, lack of computer knowledge, transport facility etc. are to be seen. The parents of many students are illiterate. So they are not so aware for competition.

**BEST PRACTICE** – 2

**1) PROJECT BASED LEARNING**

Four smart class rooms are available for project based learning introduced in all programmes.

**1). Objectives of the Practice**

- To enhance the learning skill of the students.
- To impart a deeper understanding of the course.
- To make the students to understand the course content through application oriented projects.
- To develop skills among the students to work as teams.
  To understand the latest technologies.

2). **Context**

- Through project based learning, students will improve their attitudes towards learningand exhibit their individual talents.
- They understand theoretical information through practical work.
- Students can develop their critical thinking on problem solving skills.
- Project based learning leads to “Self Learning” system instead of “Educator sTeaching” system.
- Students are motivated to obtain hands on experience and develop an interest to learn more theoretical of a course.
- To enhance the team spirit.

### 3).The Practice

- The teacher gives theoretical knowledge about the course on which the students can do projects with practical applications.
  The Students are instructed to form a team to do the project based learning
- The Students then plan on their project after understanding on the aspects of the course.
- The students work in team and execute the various aspects involved in the project
- Evaluation of the project is done based on their work done, presentation of the project and due weightage is also given for the final project book submitted by the students.

### 4). Evidence of Success

- Outcome of the projects implemented by the students for several courses in their programmes.
  - The students made a power point presentation of their work .Students explained their project work.
  - Such presentation also helped the students to get exposed to several real time projects and their significance.
  - The project was evaluated by the concerned staff members.
  - It was observed that the Project based teaching system for several courses were successfully carried out by the students.

### 5). Problems Encountered and Resources Required

- Students require allocation more time to do their project work in the laboratories.
- University should allocate budget to support financially for procuring components forthe projects.
- Time management by students is one of the problems encountered by the students.
- Assessment methodology to evaluate the project to be enhanced.
- Seeking permissions to visit industries, concerns on safety of the students who aregetting involved in real time projects delays the project duration.
- Project scheduling to be enhanced to avoid delay in completing the projects.

The contribution of each student towards the execution of the project need to evaluate and their involvement to be assessed by frequent monitoring

**Institutional Distinctiveness**

***7.3.1: Portray the performance of the Institution in one area distinctive to its priority and thrust.***

**Establishment of 'WALL OF HEROES'**

Wall of Heroes with portraits of Param Veer chakra awardees has been established in the college to tribute our national heroes. It motivates the students to serve the country with honesty and integrity. In the morning time and departure time, they salutes our soldiers. This creates enthusiasm in students and bring out a sense of patriotism in them. This wall will remind students of sacrifices made by the country's armed forces. This also will inspire patriotism, unity, integrity and enthusiasm among the students.






PARAMVIR CHAKRA RECIPIENTS
WALL OF HEROES